राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में पुस्तकालयों के आधुनिकीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के कार्य तत्परतापूर्वक संचालित हों–कुलाधिपति

पटना, 27 अक्टूबर 2018

महामहिम राज्यपाल–सह–कुलाधिपति श्री लाल जी टंडन ने राज्य के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में उच्च शिक्षा के विकास–प्रयासों को गति प्रदान करने के उद्देश्य से आधारभूत संरचना विकसित करने के मद्देनजर पुस्तकालयों के सुदृढ़ीकरण और आधुनिकीकरण–कार्य को तत्परतापूर्वक संचालित करने हेतु सभी कुलपतियों को निदेशित किया है।

राज्य के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर स्तर पर सी॰बी॰सी॰एस॰ पाठ्यक्रम एवं सेमेस्टर लागू होने के बाद नये पाठ्यक्रमों के अनुरूप नई पुस्तकों की जरूरत महसूस की जा रही है। पिछले दिनों सम्पन्न 'कुलपतियों की बैठक' एवं नव नियुक्त सहायक प्राध्यापकों के साथ हुए विमर्श के दौरान यह बात उभरकर सामने आयी है कि पुस्तकालयों में नयी पुस्तकों की खरीददारी के साथ–साथ, पुरानी पुस्तकों एवं पांडुलिपियों के डिजिटाईजेशन के कार्य भी बहुत जरूरी हैं।

महामहिम राज्यपाल श्री टंडन ने उपर्युक्त पृष्ठभूमि में विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के पुस्तकालयों के सुदृढ़ीकरण एवं आधुनिकीकरण हेतु आवश्यक सुझाव देने के लिए एक समिति गठित करने का आदेश दिया है। आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के प्रतिकुलपति प्रो॰ एस॰एम॰ करीम इस समिति के अध्यक्ष बनाये गये हैं। इस समिति में बतौर सदस्य –श्री संजीव कुमार झा, सहायक प्राध्यापक एम॰एल॰टी॰ कॉलेज, सहरसा, डॉ॰ शीला यादव, सहायक प्राध्यापक एम॰आर॰एम॰ कॉलेज, दरभंगा तथा पटना विश्वविद्यालय, खुदा बख्श लाइब्रेरी, पटना एवं सिन्हा लाइब्रेरी, पटना के पुस्तकालयाध्यक्षों को भी शामिल किया गया है।

समिति से एक महीने के भीतर अपना तथ्यपरक प्रतिवेदन समर्पित करने को कहा गाय है। समिति से यह अपेक्षा की गई है कि वह पुस्तकों के समुचित रख–रखाव , नयी पुस्तकों की खरीददारी, पुस्तकालय में आलमीरा, रेक, उपस्कारादि की व्यवस्था, डिजिटाईजेशन, समुचित स्थान एवं प्रकाश व्यवस्था आदि प्रासंगिक विन्दुओं पर व्यापक रूप से अपने सुझाव प्रदान करेगी।

समिति के सुझावों के आलोक में सभी कुलपतियों से विमर्शोपरांत राजभवन द्वारा विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों के पुस्तकालयों के आधुनिकीकरण–सुदुढ़ीकरण के संदर्भ में आवश्यक निदेश प्रदान किया जायेगा।

....